राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांकःप.14(52)RSMSSB/अर्थना/मा.शि./पु.अ.–III/पात्रता जांच/2017/979-98 दिनांक : 25.01.2018

–:: कार्यालय आदेश ::–

राजस्थान शिक्षा अधीनस्थ सेवा नियम–1971 एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम–2014 के अन्तर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III के 562 (गैर अनुसूचित क्षेत्र के 344 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 218) पदों पर भर्ती हेतु राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड द्वारा दिनांक 21.09.2016 को विज्ञप्ति जारी की गई थी। पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III भर्ती परीक्षा–2016 का आयोजन दिनांक 13.11.2016 को किया गया था। बोर्ड द्वारा इस भर्ती परीक्षा का परीक्षा परिणाम दिनांक 28.06.2017 को जारी कर दिया गया है। अस्थायी रूप से चयनित अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन मूल दस्तावेजों से निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर द्वारा किया गया था। पूर्व में की गई पात्रता की जांच में अपात्र पाये गये एवं अंतिम अवसर के बाद भी पात्रता की जांच में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों के स्थान पर वरीयता के आधार पर श्रेणीवार अभ्यर्थियों का अस्थाई रूप से चयन किया गया है। बोर्ड द्वारा अपात्र एवं अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों के स्थान पर गैर अनुसूचित क्षेत्र के 33 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 28 अभ्यर्थियों का अस्थाई रूप से चयन किया है। इन अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर द्वारा किया जायेगा। पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III भर्ती परीक्षा–2016 में अस्थाई रूप चयनित निम्नलिखित अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच **दिनांक 05.02.2018 को** प्रातः 10.00 बजे से **गुरूनानक भवन संस्थान, राधास्वामी सत्संग व्यास के सामने, 20 दुकान के पास, आदर्श नगर जयपुर** पर किया जायेगा।

अस्थाई रूप से चयनित अभ्यर्थी पात्रता की जांच के समय अपने साथ विस्तृत आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) भरकर लायेंगे। साथ ही अपनी शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, मूल निवास, आचरण, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लायेंगे।**

पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III सीधी भर्ती परीक्षा–2016 में अस्थाई (Provisional) रूप से चयनित निम्नलिखित रोल नम्बर वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक 05.02.2018 को** प्रातः 10.00 बजे **गुरूनानक भवन संस्थान, राधा सत्संग व्यास के सामने, 20 दुकान के पास, आदर्श नगर, जयपुर** पर पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से उपस्थित होवें :–

रोल नम्बर

गैर अनुसूचित क्षेत्र

100889	101051	101135	101161	101239	101598	101774	103044	103294	104263
105845	105869	106004	106425	106646	107033	107039	107576	107874	107925
108960	109704	109747	110862	111012	111330	112433	112481	113059	113135
113463	113687	114040							

अनुसूचित क्षेत्र

	101095	105613	105669	105696	105715	105716	105780	105787	105806
105812	106246	106308	106320	106483	106497	106498	106590	106599	106873
106876	106886	106905	107044	107090	108655	110830	111310	112478	

<u>पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें :–</u>

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III सीधी भर्ती परीक्षा–2016 के लिये दिनांक 21.09.2016 को जारी विज्ञापन संख्या–07/2016 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, मूल निवास, आचरण, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।**
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
5. विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश एवं विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

?

(डॉ.नन्द सिंह नरूका)

अध्यक्ष